Bihar Board Class 8 Social Science Geography Solutions Chapter 3C सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग

I. बहुवैकल्पिक प्रश्न

प्रश्न 1.
सूचना प्रौद्योगिक के अन्तर्गत शामिल नहीं है
(क) सैल्यूलर फोन
(ख) उपग्रह
(ग) ई-मेल
(घ) अत्र्देशीय
उत्तर-
(घ) अत्र्देशीय

प्रश्न 2.
सूचनाओं को शीघ्रता से भेजा जा सकता है.
(क) ब्राड बैंड से
(ख) इंटरनेट से
(ग) ई-मेल
(घ) उपर्युक्त चारों से
उत्तर-
(ग) ई-मेल

प्रश्न 3.
भारत का सिलिकॉन वैली है.
(क) पुणे
(ख) कोच्चि
(ग) तिरूअनंतपुरम
(घ) बेंगलूरू
उत्तर-
(घ) बेंगलूरू

प्रश्न 4.
साफ्टवेयर कम्प्यूटर के अन्तर्गत है-
(क) एक प्रोग्राम
(ख) एक पुर्जा
(ग) चैनल
(घ) विद्युत आपूर्ति उपकरण
उत्तर-
(क) एक प्रोग्राम

https://www.evidyarthi.in/

II. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दें

प्रश्न 1.
ई-मेल क्या है?
उत्तर-
ई-मेल इलेक्ट्रॉनिक मेल का संक्षिप्त रूप है जिसमें संदेशों को कम्प्यूटर के माध्यम से बेतार से शीघ्रता से भेजे जाते हैं।

प्रश्न 2.
सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए पहले किन साधनों का उपयोग करते थे?
उत्तर-
सूचनाओं का आदान-प्रदान पहले ताली बजाकर, आग जलाकर, पशु-पक्षियों की बोलियाँ बोलकर, कंदराओं पर चित्र बनाकर तथा कबूतरों द्वारा की जाती थी।

प्रश्न 3.
बंगलूरू में सूचना प्रौद्योगिक उद्योग का विकास क्यों संभव हुआ ?
उत्तर-
बंगलरू में सूचना प्रौद्योगिक उद्योग का विकास इसलिए संभव हुआ, क्योंकि यहाँ सॉफ्टवेयर का विकास करने वाले विशेषज्ञों का दल 24 घंटे अलग-अलग शिफ्टों में काम करते हैं।

प्रश्न 4.
सॉफ्टवेयर पार्क वाले शहरों के नाम लिखिए।
उत्तर-
बंगलूरू, मुंबई, दिल्ली , हैदराबाद, पूणे, चेन्नई, कोलकाता, कानपुर, लखनऊ, बेलापुर, गुड़गाँव, कोच्चि ।

प्रश्न 5.
सूचना प्रौद्योगिक ने जीवन शैली में क्या बदलाव लाए हैं ?
उत्तर-
सूचना प्रौद्योगिक ने जीवन शैली में निम्नलिखित बदलाव लाये हैं। गैर सरकारी क्षेत्र की इन्फोसिस, जनरल इलेक्ट्रिक, एक्सेंचर, विप्रो, हीसीएस, माइक्रोसॉफ्ट, एप्पल इत्यादि जैसी कम्पनियाँ भी सूचना प्रौद्योगिक उद्योग का कार्य कर रही हैं।

ब्राडबैंड जैसी सेवाएँ सूचनाओं को तेजी से पहुँचाती हैं। गूगल और याहू जैसे सर्च इंजन से दुनियाभर की जानकारी शीघ्रता से ढूँढी जा सकती है।

https://www.evidyarthi.in/